卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 102 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦17 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## हादसे में महिला समेत दो की दर्दनाक मौत

### ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी को रौंदा



लालकुआं (उद संवाददाता)। नगर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे ने हर किसी का दिल दहला दिया। अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला और पुरुष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार महिला और पुरुष लालकुआं से वीआईपी गेट क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात भारी वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर गए और पिछले टायरों की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों के शरीर बुरी तरह कुचल गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही सांसे थम गई। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने जब यह मंजर देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। हादसे का शिकार हुए मृतक पुरुष के पहनावे से कयास लगाए जा रहे हैं कि वह सेंचुरी पेपर मिल का कर्मचारी हो सकता है, क्योंकि उसने मिल का हेलमेट और सेफ्टी शूज पहन रखे थे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलखनंदा नदी में गिरी बोलेरो कैंपर,एक की मौत

रूद्रप्रयाग। जनपद के रैंतोली पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ एक बोलेरो कैंपर वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई से होते हुए अलकनंदा नदी में जा गिरा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि अन्य संभावित सवारों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। देर रात करीब 12 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक वाहन सड़क से अलकनंदा नदी में गिर गया है। सूचना मिलते ही चौकी जवाड़ी, कोतवाली रूद्रप्रयाग, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घटनास्थल रूद्रप्रयाग शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर है, जहाँ वाहन हाईवे किनारे लगे पैराफिट को तोड़ते हुए करीब 100 मीटर गहरी खाई से होते हुए सीधे नदी में समा गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूद्रप्रयाग सुरेश चंद्र बलूनी ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद नदी से एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में बाहर निकाला, जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त और वाहन के विवरण के संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद



काशीपुर (उद संवाददाता)। द्रोणसागर किले और उसके आसपास के रिहायशी इलाकों में लंबे समय से दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। प्रशासन और वन विभाग की टीम द्वारा कल रात चलाए गए सतर्कता अभियान के दौरान इस ख़ूंखार वन्यजीव को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर लिया गया। तेंदुए के पकड़े जाने से किले के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने बड़ी राहत महसूस की है। गौरतलब है कि ऐतिहासिक द्रोणसागर किले पर पिछले काफी समय से तेंदुओं की सक्रियता बनी हुई थी। वन्यजीवों की आवाजाही के कारण न केवल पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों में भय व्याप्त था, बल्कि आसपास (शेष पृष्ठ सात पर)

## उपराष्ट्रपति का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत






देहरादून । उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को देवभूमि उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे। जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान शासन- प्रशासन के उच्चाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति शनिवार सुबह विशेष विमान से दिल्ली से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर बीते एक दिन से पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा चाक- चौबंद करने में जुटी थीं। एयरपोर्ट पर औपचारिक स्वागत के बाद उपराष्ट्रपति सड़क मार्ग से देहरादून के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और हवाई अड्डे से लेकर कार्यक्रम स्थलों तक भारी पुलिस बल तैनात रहा। स्वागत के दौरान पुलिस प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

## किसान सुखवंत सिंह की मौत पर उबला सिख समाज

### पुलिस प्रशासन की प्रताड़ना के खिलाफ भरी हुंकार, सीबीआई जांच और बर्खास्तगी की मांग



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पैगा गांव काशीपुर में किसान सुखवंत सिंह द्वारा खुद को गोली मारकर की गई खुदकुशी के मामले को लेकर गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी रुद्रपुर के गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पास किए गए। जिनमें तय किया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा अन्य लोगों को मांगों के साथ एक पत्र लिखा जाएगा। गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी यह मांग करती है कि जिस तरह से मृतक सुखवंत सिंह ने अपनी वीडियो में जिन-जिन आरोपियों का नाम लिया है भले वह कोई पब्लिक का आदमी है या कोई पुलिस से संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उन सभी पर एफआईआर दर्ज करके इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए। जैसा कि मृतक सुखवंत सिंह ने बताया कि थाना इंचार्ज कुंदन रौतेला ने सिख समाज के लिए बहुत ही भद्दी और ना सहने योग्य शब्दावली का इस्तेमाल किया है जो बहुत ही निंदनीय है। गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी यह मांग करती है कि कुंदन रौतेला जैसे आदमी पुलिस महकमें में अपनी सेवाएं देने लायक नहीं है। इसलिए कुंदन रौतेला को केवल सस्पेंड ही नहीं बल्कि उसकी नौकरी से तुरंत बर्खास्त किया जाए। क्योंकि भाई सुखवंत सिंह ने आत्महत्या शासन प्रशासन की घोर लापरवाही और शासन प्रशासन के द्वारा अपनी ड्यूटी और फर्जों को पूरा न करने के कारण की गई है। इसलिए गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी यह मांग करती है कि सुखवंत सिंह के परिवार के अपने हुए चार करोड रुपए के आर्थिक नुकसान की भरपाई के अलावा शासन की तरफ से उसको अतिरिक्त 4 करोड रुपए परिवार को मुआवजे के रूप में दिए जाएं। जिस तरह से सुखवंत सिंह के परिवार के सदस्यों के बयान बदले जा रहे हैं या बदलवाए जा रहे हैं गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी यह महसूस करती है कि परिवारिक मेंबरों के ऊपर काफी दबाव है। ऐसे हालातो में सीबीआई की जांच और भी जरूरी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विवाहिता ने देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। एक विवाहिता ने अपने देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुरालियों ने उस पर देवर के साथ संबंध बनाने का दवाब डाला और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद मुरादाबाद थाना छजलैट निवासी एक युवती की शादी छ माह पूर्व काशीपुर के मोहल्ला कटोराताल निवासी एक युवक से हुई थी। उसका पति ऋषिकेश में काम करता है। वह अपनी ससुराल में सास ससुर व देवर के साथ रहती है। आरोप है कि 22 नवंबर, 2025 को सुबह करीब छ बजे उसके देवर ने कमरे में खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके चीखने पर सास ससुर व नंद ने उस पर देवर के साथ सम्बन्ध बनाने का दवाब डाला और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। उसने घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी और भाई को भी इस बावत जानकारी दी। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## हत्या के खिलाफ हंगामा,धरने पर बैठे परिजन

### ठुकराल की मध्यस्थता और पुलिस के आश्वासन के बाद शांत हुए लोग




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा निवासी युवक मलखान की नृशंस हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों और रम्पुरावासियों का धैर्य जवाब दे गया। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पर जोरदार प्रदर्शन किया और शव लेने से इनकार करते हुए वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक चले हंगामे के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मध्यस्थता और पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द खुलासे के भरोसे के बाद ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। उल्लेखनीय है कि रम्पुरा वार्ड-22 निवासी 45 वर्षीय मलखान का रक्त रंजित शव शुक्रवार शाम प्रीत विहार फाजलपुर महरौला के पास झाड़ियों में बरामद हुआ था। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भारी संख्या में रम्पुरा के निवासी पोस्टमार्टम हाउस परिसर में एकत्र हो गए। परिजनों का आरोप था कि पुलिस आरोपियों (शेष पृष्ठ 7 पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें:-
8433432291

Alsence®
**बवासीर से परेशान?**
मल त्यागते समय खून आना, गुदा पर जलन-खुजली, सूजन व मस्सों की तकलीफ़
अपनाइये 11 साल से भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान
**पाइल्सश्योर कैप्सुल**
- केवल 7 दिन में असरदार परिणाम
- 100% आयुर्वेदिक
- कोई दुष्प्रभाव नहीं
- खूनी व बादी बवासीर में लाभकारी



सभी मुख्य मेडिकल स्टोर्स पे उपलब्ध
FOR QUERY CONTACT AT-9997744200, 7536000017

# उत्तराखंड में सेब और कीवी उत्पादन बढ़ाने पर जोर

## मुख्य सचिव ने दिए क्लस्टर आधारित खेती के निर्देश,पुराने बागानों की जगह लगाए जाएंगे हाई डेंसिटी सेब के पौधे

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में सेब की अति सघन बागवानी योजना सम्बन्ध में शासन में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रदेश में सेब, कीवी और ड्रैगनफ्रूट का उत्पादन बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों से चर्चा की। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय उत्पादन क्षमता एवं अन्य राज्यों की उत्पादन क्षमता के सापेक्ष उत्तराखण्ड की उत्पादन क्षमता पर विस्तार से चर्चा की।मुख्य सचिव ने कहा कि “सेब की अति सघन बागवानी योजना” के अंतर्गत सेब की नवीनतम प्रजातियों के बागान स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए मुख्य सचिव ने जनपदों में किसानों को क्लस्टर बेस्ड एप्रोच अपनाए जाने हेतु प्रेरित किया जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में सेब उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। प्रदेश में अभी सेब उत्पादन क्षेत्र बढ़ाए जाने की अत्यधिक सम्भावना है, जो प्रदेश में सेब, कीवी और ड्रैगनफ्रूट उत्पादन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।मुख्य सचिव ने सेब, कीवी और ड्रैगनफ्रूट की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रदेश की उत्पादन क्षमता विशेषकर सेब की उत्पादन क्षमता का आंकलन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों को सेब उत्पादन में क्षमता के अनुरूप 2030, 2040 एवं 2050 में कितना उत्पादन होगा, इसके लिए उत्पादन लक्ष्य निर्धारित करते हुए योजना को धरातल पर उतारा जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि झाला (हर्षिल, उत्तरकाशी) स्थिति कोल्ड स्टोरेज की तर्ज पर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी कोल्ड स्टोरेज तैयार किए जाएं। इससे किसान अपना सेब और अन्य उत्पाद ऑफ सीजन में मार्केट में उतार कर अधिक लाभ ले सकेंगे।मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के अधिकतम क्षेत्रों में अभी भी पुरानी कम उत्पादन क्षमता वाली किस्म की फसलों का उत्पादन हो रहा है। उन्हें हाई डेंसिटी ऐपल प्लांट्स से रिप्लेस करने की आवश्यकता है। इसके लिए बड़े स्तर पर किसानों से संवाद करते हुए इस दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने इसकी भावी मांग के अनुरूप नर्सरियों को अपग्रेड किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि बड़े पैमाने पर हाई डेंसिटी प्लांट्स तैयार किए जाने के लिए नर्सरियां विकसित की जाएं। फुल टाईम टैक्निकल सपोर्ट के लिए पीएमयू गठित किया जाना चाहिए, ताकि वृहद स्तर पर इस योजना को संचालित किया जा सके। इससे धरातल पर योजनाओं को सफल बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा सकेगी।इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्री दिलीप जावलकर, डॉ. वी. षणमुगम एवं डॉ. एस.एन. पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# दवा विक्रेताओं को बताए दवा क्रय विक्रय के मानक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। औषधि विभाग के अधिकारियों द्वारा नैनीताल जिले के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों के साथ बैठक की गई। जिसमें उप औषधि नियंत्रक हेमंत सिंह नेगी द्वारा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों व कार्यकारी सदस्यों को नारकोटिक और साइक्रोटॉपिक दवाइयां को क्रय विक्रय करने के मानकों से जागरूक किया साथ ही अन्य7 मेडिकल स्टोर स्वामियों को भी जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में7 ड्रग डिपार्टमेंट से वरिष्ठ औषभीधि निरीक्षक उधमसिंहनगर नीरज कुमार, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट, औषधि निरीक्षक रामनगर अर्चना गहतोड़ी, शुभम कोटनाला, केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट मेडिकल एसोसिएशन से जिला अध्यक्ष राजकुमार सेठिया, जिला महामंत्री गोपाल सिंह अधिकारी, इकरार हुसैन, महामंत्री गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, हिमांशु वार्ष्णेय, नरेंद्र साहनी, उमेश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, संदीप जोशी, भुवन सती,नीरज कांडपाल, विशाल साहनी, प्रेम मदान, पंकज कंसल, विनय विरमानी, एहतेशाम उद्दीन, रवि गुप्ता, हेमलता मिश्रा सहित अनेकों केमिस्ट मौजूद थे।



# बाइक सवार की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड पर कनटोपा के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कमलेन्द्र सिंह नेगी पुत्र स्व. ध्यान सिंह नेगी, निवासी ग्राम खेमरी, बिलासपुर (रामपुर) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जनवरी को उनके पिता ध्यान सिंह नेगी किसी कार्य से मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22 क्यू 9563 से रूद्रपुर आए थे। कार्य निपटाने के बाद वह दोपहर करीब दो बजे अपनी साइड से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान काशीपुर रोड पर ग्राम कनटोपा के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ध्यान सिंह नेगी सड़क पर गिर गए और उक्त वाहन उन्हें कुचलता हुआ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के जरिए उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम गरिमा अग्रवाल (GARIMA AGRAWAL) था अब मैंने अपना नाम बदलकर गरिमा जैन (GARIMA JAIN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम गरिमा जैन (GARIMA JAIN) से ही सम्बोधित किया जाये।

(गरिमा जैन पत्नी श्री हितेश कुमार)
निवासी–वार्ड नं–7, पुरानी मंडी, सितारगंज
जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)


# उत्तराखंड में बनेगी पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश,पद्मश्री डॉ. दीपा मलिक ने मुख्यमंत्री से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में देश की प्रतिष्ठित पैरा एथलीट और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. दीपा मलिक ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ. दीपा मलिक को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और कहा कि पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य देश और समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं। मुलाकात के दौरान डॉ. दीपा मलिक ने उत्तराखंड में पैरा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और समर्पित मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में एक पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव रखा।डॉ. दीपा मलिक ने मुख्यमंत्री को बताया कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में प्रतिभाशाली पैरा खिलाड़ियों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि इन खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए इसे एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों और पैरा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव की गंभीरता को देखते हुए अपर सचिव आशीष चौहान को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव के सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर जल्द ही ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के महासचिव जयवंत हम्मुनावा, इंडिया पैरा पावर लिफ्टिंग के चौयरपर्सन जेपी सिंह, पैरा राव लिफ्टिंग के उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, कोर यूनिवर्सिटी के चौयरमैन जेसी जैन, पैरालंपिक पावर लिफ्टर परमजीत कुमार, अशोक और कस्तूरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की मंशा: रुचि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कमलुआगाँजा में “विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों, आजीविका सशक्तिकरण, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे और हर नागरिक आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी पूर्ण होगा जब ग्रामीण समाज को रोजगार, आजीविका एवं स्वावलंबन के ठोस अवसर प्राप्त होंगे। इस प्रकार के जन कल्याणकारी जागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को योजनाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। सांसद अजय भट्ट ने संसद में विधेयक पर चर्चा के वक्त का जिक्र कर इस योजना के मुख्य विकासात्मक बिंदुओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि नई विधेयक में श्रमिकों को 125 दिन काम की गारंटी होगी जबकि मनरेगा में केवल 100 दिन काम की गारंटी थी। इससे श्रमिकों को 125 दिन से ज्यादा काम मिलेगा जिससे उनकी माली हालत बेहतर होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सशक्त करना रहा। विधायक बंशीधर भगत ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के मध्य इस विधेयक पर अपने विचार रखे।बकार्यक्रम का संचालन प्रताप बोहरा, नितिन राणा, गणेश साह, कमल पाण्डे ने किया। इस अवसर पर विधायिका श्रीमती सरिता आर्य, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, श्रीमती शांति मेहरा, दीपक मेहता, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, शंकर कोरंगा, कौस्तुभानंद जोशी, प्रकाश हर्बोला, महेश खुल्बे, दीपेंद्र कोश्यारी, रंजन बर्गली, दया किशन पोखरिया ,सुश्री प्रतिभा जोशी, नवीन भट्ट, प्रताप रैकवाल, पुष्कर जोशी, आशीष मल्होत्रा, पंकज अधिकारी, विनोद तिवारी, संजय पांडे, रत्नेश साह, संदीप सनवाल सहित प्रदेश, जिला व मंडल के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संतों के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ श्री हरिधाम मंदिर का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरिधाम मंदिर श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज के महंत मनीष सलूजा के सानिध्य में मंदिर का 15वां वार्षिकोत्सव बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस विशाल महोत्सव में कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद उठाया। वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और महिला मंडलों ने संकीर्तन के माध्यम से वातावरण को पूरी तरह कृष्णमयी बना दिया। कार्यक्रम में श्री सीताराम कृपा सेवा समिति महिला मंडल गोपाल विहार, श्री नव दुर्गा मंदिर खेड़ा, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर महिला मंडल रूद्रपुर, श्री गोपीनाथ मंदिर महिला मंडल, श्री ओम मंदिर, श्री तुलसीधाम महिला मंडल मल्सा, श्री सनातन धर्म मंदिर भूरारानी, श्री बापू जी मंदिर गदरपुर, जय माँ कृपा मंदिर एवं श्री शिव कृपा प्रीत विहार की महिला मंडलों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। ‘कान्हा से प्रीत लगा ले’ और ‘आज ब्रिज में होली रे रसिया’ जैसे भजनों पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। महोत्सव के समापन अवसर पर दोपहर एक बजे विशाल सवामनी भंडारा एवं छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र महाराज श्री तुलसीधाम मलसा गिरधरपुर, स्वामी नारायण चौतन्य महाराज मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम, संत प्रेमा निष्ठानंद महाराज आनंद प्रेम आश्रम और अचल अछोला नंद महाराज आनंदपुर आश्रम भूरारानी ने उपस्थित होकर भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर अध्यक्ष ओमप्रकाश सलूजा, आशु गुम्बर, विजय काक्के, राकेश केव्तरा दिल्ली वाले, कृष्ण मिगलनी, विकास छाबड़ा, सागर कालड़ा, दीपक कटारिया, चेतन चुघ, बलवान, माधव शर्मा, मनीष काक्के, विजय कक्कड़, अमित शर्मा, कमल काक्के, रोहित गुम्बर, विवेक शर्मा, उज्ज्वल सलूजा, आशु गाबा, चिराग छाबड़ा, राज कुमार जांगड़ा, रवि कक्कड़, मनोज चावला, अजय कुमार, अन्नू छाबड़ा, राजेश भट्ट, मनीष श्रीवास्तव, रोहित दिवाकर, रिंकु लम्भा, साहिल आनंद, आदित्य श्रीवास्तव, रमेश वधवान, सम्मी कक्कड़, विशाल कोहली, विमल वर्मा और राज कुमार भुड्डी सहित तमाम भक्तों ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।





# 18 फरवरी की रैली में ताकत झोंकेगी भाकपा माले

लालकुआं (उद संवाददाता)। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति द्वारा आगामी 18 फरवरी को प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने के लिए भाकपा माले ने अपनी पूरी ताकत झोंकने का निर्णय लिया है। भाकपा माले की बिंदुखत्ता कमेटी की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि रैली की तैयारियों के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बैठकें करेंगे और जनसंवाद के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बिंदुखत्ता की जनता पिछले पांच दशकों से राजस्व गांव की मांग को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पहले वनाधिकार कानून-2006 के नाम पर जनता को भ्रमित कर लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की और बाद में मुख्यमंत्री ने राजस्व गांव बनाने की अपनी ही घोषणा को वापस ले लिया। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजना चाहिए ताकि बिंदुखत्ता की भूमि को वन भूमि से हस्तांतरित करने की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो सके।




किसान महासभा के जिला अध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि वर्तमान सरकार का ध्यान केवल जनता को बांटने और दशकों से बसी हुई आबादी को उनके घरों से बेदखल करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता से लेकर ऋषिकेश तक बड़ी आबादी वन, नजूल और सरकारी भूमि पर निवास करती है, लेकिन सरकार उन्हें उजाड़ने पर आमादा है। जोशी ने कहा कि इस जनविरोधी अभियान के खिलाफ आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है, इसीलिए 18 फरवरी की रैली को ऐतिहासिक बनाना अनिवार्य है। रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित इस बैठक में डॉ कैलाश पाण्डेय, भुवन जोशी, किशन बघरी, पुष्कर दुबड़िया, धीरज कुमार, निर्मला शाही, अंबा दत्त बसखेती, गोपाल गड़िया, आनंद दानू, त्रिलोक राम, दौलत सिंह कार्की और खीम सिंह सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आगामी रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट का एक सप्ताह का कुमाऊं प्रवास शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट और प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी एक सप्ताह के कुमाऊं मंडल प्रवास पर रहेंगी। महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजक अंजु भुड्डी ने पत्रकारों को इस भ्रमण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 16 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूती देना और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है।तय कार्यक्रम के अनुसार, 16 जनवरी को हल्द्वानी में मुख्य मतदाताओं (की वोटर) और महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रवास की शुरुआत की गई। 17 जनवरी को संगठनात्मक जिला रानीखेत में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया जाएगा, जिसके बाद रात्रि प्रवास अल्मोड़ा में होगा। 18 जनवरी को अल्मोड़ा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और मुख्य मतदाताओं के साथ बैठक के उपरांत महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक होगी। 19



जनवरी को बागेश्वर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद टीम पिथौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। पिथौरागढ़ में 20 जनवरी को स्वयं सहायता समूहों और महिला कार्यकर्ताओं के साथ संवाद का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद 21 जनवरी को चंपावत में कार्यक्रम संपन्न कर टीम उधम सिंह नगर जिले के लिए रवाना होगी। उसी दिन खटीमा में थारू समाज के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भेंट की जाएगी और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद होगा। प्रवास के अंतिम दिन 22 जनवरी को काशीपुर संगठनात्मक जिले में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी।अंजु भुड्डी ने बताया कि इस प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट और महामंत्री रश्मि रस्तोगी का मार्गदर्शन कुमाऊं मंडल की पदाधिकारियों को प्राप्त होगा। संवाद के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि महिला मोर्चा की सक्रियता के दम पर 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।


# कुश्ती दंगल में काशीपुर के सुहैल और अवतार पहलवान ने मारी बाजी


## मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में आयोजित दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

गदरपुर (उद संवाददाता)। मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में आयोजित विशाल दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने अखाड़े में जबरदस्त दमखम दिखाया। कुश्ती के मैदान के चारों ओर उमड़े जनसैलाब ने पहलवानों के दांव-पेचों का भरपूर आनंद लिया और तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन काशीपुर, रामपुर और पंजाब के पहलवानों का दबदबा रहा।कुश्ती के मुकाबलों में एक कुंतल भार वर्ग में सुल्तानपुर पट्टी, काशीपुर के सुहैल पहलवान और राजस्थान के बाबर पहलवान के बीच कांटे की टक्कर हुई, जिसमें सुहैल ने शानदार तकनीक का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। 85 किलो भार वर्ग में पंजाब के मौसम अली ने अमरोहा के यासीन पहलवान को पटखनी देकर मैदान जीता। इसी भार वर्ग की एक अन्य कुश्ती में पंजाब के मौसम अली और चंदौसी के आलम पहलवान के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। 70 किलो भार वर्ग में टांडा बादली, रामपुर के फरहान पहलवान ने कानपुर के बिल्ला पहलवान को हराकर जीत हासिल की।वहीं, 95 किलो भार वर्ग में काशीपुर के अवतार पहलवान ने बरेली के आरिफ पहलवान को कड़े मुकाबले में पराजित किया। 85 किलो की एक अन्य कुश्ती में चंदौसी के खलीक पहलवान ने राजस्थान के गोल्टा पहलवान पर दांव मारकर बाजी अपने नाम की। दंगल में पीलीभीत के ज्ञानी पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विजेता सुहैल पहलवान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा बाहर आती है। उन्होंने युवाओं से नशे और मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से बचकर शारीरिक मेहनत पर ध्यान देने की अपील की और बताया कि कुश्ती सीखने के इच्छुक युवा काशीपुर के महावीर अखाड़े में उस्तादों से प्रशिक्षण ले सकते हैं।आयोजक और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद आलम ने दंगल की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अखाड़े के एक्शन का रिएक्शन अब युवाओं में नजर आने लगा है। युवाओं में कुश्ती के प्रति जो जोश दिख रहा है, उससे उम्मीद है कि अगले साल गदरपुर के स्थानीय युवा भी बड़ी संख्या में पहलवान के रूप में मैदान में उतरेंगे।









# उत्तरैणी कौतिक में सहयोग के लिए उत्थान मंच ने किया आभार व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर की कार्यकारिणी ने मंच द्वारा आयोजित नौ दिवसीय उत्तरैणी कौतिक में सहयोग करने वाले सभी लोगों, विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और मीडिया का आभार व्यक्त किया है।शुक्रवार को जारी एक बयान में उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा 9 दिवसीय उत्तरैणी कौतिक का आयोजन किया गया। जो गत 7 जनवरी को कुमाऊं के लोग जीवन के आराध्य गोलज्यू की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। नौ दिवसीय कौतिक में हर रोज विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और कई तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें लोगों ने बहुत उत्साह के साथ भागीदारी कीस उन्होंने कहा कि हर रोज शाम को सांस्कृतिक संध्या में सामाजिक और राजनीतिक दलों से जुड़े वरिष्ठ जनों ने मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर मंच के कार्यक्रमों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। ल बगडवाल ने कहा कि नौ दिवसीय उत्तरैणी कौतिक के 15 जनवरी को समापन से पहले 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मंच के प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा पूरे शहर में निकाली गई। इस शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक संगठनों, विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ ही कई राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शोभायात्रा में शामिल होकर उत्थान मंच की सांस्कृतिक पहचान को महत्वपूर्ण बनाने में योगदान दिया। बगडवाल ने कहा कि उत्थान मंच इन सभी लोगों का भी आभार व्यक्त करता है और आशा करता है कि भविष्य में भी इन सभी लोगों का सहयोग इसी तरह पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच को मिलता रहेगा।

# गेट मीटिंग कर राज्य कर्मियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

रुद्रपुर।18 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 जनवरी से आंदोलित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला पदाधिकारियों व सदस्यों ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उद्यान विभाग के सभागार में गेट मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, घटक सह गन्ना विभाग, ग्राम विकास विभाग, मण्डी परिषद, उद्यान एवं खाद्य रसद, सहकारिता, कृषि विभाग आदि वर्जन विभागों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें 18 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में आदोलन की रूपरेखा तय की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज कर दिया जायेगा।बबैठक के मुख रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक एस. के. नैय्यर, जिला अध्यक्ष पवन कुमार, मंत्री सचिन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र जीत सिंह, प्रांतीय महामंत्री भागीरथ, प्रताप सिंह, रामसिंह हरिकेशी, डा . सीडी फुनियाल, मनोज बिष्ट, नारायण सिंह राणा, नरेश कार्की, लाला राम, धीरेन्द्र पाठक, नीरज कुमार, बीसी टम्टा, कुंवर पाल,अरविंद कुमार आदि थे।

# गढ़ीनेगी नगर पंचायत की मतदाता सूची का होगा पुनरीक्षण, 27 मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत गढ़ीनेगी की निर्वाचन नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण कार्य शुरू किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए समय-सारणी निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सामान्य और उप चुनावों में इसी पुनरीक्षण के बाद तैयार होने वाली नई मतदाता सूची का प्रयोग किया जाएगा।योजना के अनुसार आगामी 22 जनवरी से 05 फरवरी तक नियुक्त संगणक घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। इस दौरान मतदाताओं से संबंधित आवश्यक सूचनाएं और अभिलेख एकत्रित किए जाएंगे। इसके पश्चात 06 फरवरी से 10 फरवरी के मध्य प्रारूप नामावली की पांडुलिपि तैयार करने का कार्य किया जाएगा। 11 फरवरी से 07 मार्च की अवधि में निर्वाचन नामावलियों की डाटा एंट्री और फोटो स्टेट का कार्य संपन्न होगा। 09 मार्च को मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन कर दिया जाएगा। आम जनता की सुविधा के लिए 10 मार्च से 16 मार्च तक निर्वाचन नामावलियों के निरीक्षण और दावों व आपत्तियों को दाखिल करने का अवसर दिया जाएगा। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 17 मार्च से 21 मार्च के बीच किया जाएगा। अंतिम प्रक्रिया के तहत 22 से 26 मार्च तक पूरक सूचियों की डाटा एंट्री की जाएगी और 27 मार्च को निर्वाचन नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि उन सभी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं।

# इस्लाम हुसैन पर दर्ज मुकदमा बिना शर्त रद्द करने की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, गांधीवादी इस्लाम हुसैन पर दर्ज मुकदमा वापस लिए जाने की के संबंध में विभिन्न संगठनों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से उनके हल्द्वानी कार्यालय में मिला। एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि गांधीवादी, वरिष्ठ पत्रकार और उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल के प्रदेश अध्यक्ष इस्लाम हुसैन पर हल्द्वानी में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना गलत है। यह मुकदमा स्वघोषित गौ रक्षकों के द्वारा 4 जनवरी 2025 को हल्द्वानी कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया। पुलिस ने बिना गहन जांच पड़ताल के जितनी तेजी से मुकदमा दर्ज किया है वह आश्चर्यजनक है। शिष्टमंडल ने बताया इस्लाम हुसैन हमेशा संवैधानिक लोकतांत्रिक तरीके से सामाजिक सद्भाव और गरीबों-वंचितों के हितों के लिए अपना काम करते रहे हैं। 2 अक्टूबर 2025 को दिए गए उनके अकादमिक वक्तव्य पर तीन माह बाद 4 जनवरी 2026 को साजिशन मुकदमा दर्ज किया गया है।गौरतलब है कि इस्लाम हुसैन पर उत्तराखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी में गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2025 को दिए गए उद्घाटन भाषण के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस्लाम हुसैन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के आमंत्रण पर मुख्य अतिथि बने थे। इस्लाम हुसैन ने अपने भाषण में जो भी कहा वो महात्मा गांधी की वैचारिकी और लेखन में मौजूद है। शिकायत दर्ज करने वाला व्यक्ति 2 अक्टूबर की गोष्ठी में शामिल नहीं था। उसने 2 जनवरी 2026 को इस पर वीडियो सोशल मीडिया पर डाली और 4 जनवरी को शिकायत दर्ज करवा दी। गांधीवादी इस्लाम हुसैन पर दर्ज किया गया मुकदमा राजनीति से प्रेरित है। शिष्टमंडल में डॉ कैलाश पाण्डेय, जीआर तंत्र, रजनी जोशी, महेश, चंदन, बची सिंह बिष्ट शामिल रहे।

# बीता एक दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय: धामी

## मुख्यमंत्री ने किया नेशनल पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नेशनल पैरालंपिक पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए कहा कि बीते एक दशक में भारत के खेल इतिहास में अभूतपूर्व बदलाव आया है, यह दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय बन चुका है। रुड़की स्थित कोर यूनिवर्सिटी में आयोजित उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि ये प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव है, जो हर बाधा को चुनौती में और हर चुनौती को अवसर में बदल देती है। उन्होंने कहा कि पावरलिफ्टिंग अपने आप में अनुशासन, धैर्य, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है, ये खेल केवल ताकत ही नहीं, बल्कि हौंसले और आत्मसम्मान की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारत के दिव्यांग भाई-बहन, आज प्रत्येक क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर ने 1972 के ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। इसी क्रम में सत्येंद्र सिंह लोहिया पहले ऐसे भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी बने, जिन्होंने 12 घंटे में इंग्लिश चौनल तैरकर पार किया। भारत की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने दोनों हाथ न होने के बावजूद विश्व पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ये साबित कर दिया कि कमजोरी को किस प्रकार अपनी ताकत बनाया जाता है। इसी तरह दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने कोलंबों में टी-20 ब्लाइंड वूमेन क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। इसके अलावा टोक्यो पैरालंपिक में अवनी लेखरा ने शूटिंग और सुमित अंतिल ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व पटल पर अपनी धाक जमाई। इतना ही नहीं, वर्ष 2024 में तो पेरिस में आयोजित पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 29 पदक जीतकर इतिहास रचा साथ ही 2025 में दुबई में हुई एशियन यूथ पैरा गेम्स में 110 पदक जीतकर पूरे विश्व को ये बता दिया कि भारतीय पैराओलंपिक खिलाड़ी किसी से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित



पद्मश्री दीपा मलिक का उल्लेख करते हुए कहा कि आप भारत की पहली महिला पैरालंपिक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 के रियो पैरालंपिक की शॉटपुट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। इसके अलावा आप एक सफल बाइकर, तैराक और कार रैली चालक भी हैं, आपका पूरा सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि बीते एक दशक में भारत के खेल इतिहास में अभूतपूर्व बदलाव आया है, यह दशक भारतीय खेलों का स्वर्णिम अध्याय बन चुका है। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए दुनिया को दिखाया है कि भारत अब केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला देश नहीं रह गया है, आज का नया भारत मुकाबला जीतने के लिए खेलता है। इस परिवर्तन के पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की स्पष्ट सोच और मजबूत नीति रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का खेलों के प्रति प्रेम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके नेतृत्व में भारत का खेल बजट पहले के मुकाबले तीन गुणा बढ़ चुका है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया मुहिम देश के प्रत्येक हिस्से से विभिन्न खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में कामयाब हो रही है। वहीं इससे देश में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पिछले वर्ष हमारे राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने उत्तराखंड को "देवभूमि" के साथ - साथ "खेलभूमि" के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर 7वां स्थान प्राप्त किया। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बन सका है। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों के माता-पिताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने दिव्यांग बच्चों को कभी कमजोर नहीं समझा, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बनाया। आज ये बच्चे पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ऐसे हर प्रयास में दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर खेल रत्न पद्मश्री डॉ दीपा मलिक, पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के महासचिव जयवंत हम्मुनावा, इंडिया पैरा पावर लिफ्टिंग के चौयरपर्सन जेपी सिंह, पैरा राव लिफ्टिंग के उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, कोर यूनिवर्सिटी के चौयरमैन जेसी जैन, पैरालंपिक पावर लिफ्टर परमजीत कुमार, अशोक, कस्तूरी उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे से हटेगा कूड़ा कचरा, सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश

## शिक्षा विभाग छात्रों के माध्यम से फैलाएगा व्यवहार परिवर्तन का संदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय राजमार्गों को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) उधम सिंह नगर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 (काशीपुर-सितारगंज अनुभाग) के किनारे और 'अर्थन शोल्डर' पर हो रही कूड़े की डंपिंग को रोकना तथा पूर्व में जमा कचरे को तत्काल हटाना रहा। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि अब से प्रत्येक शुक्रवार को जनपद में स्वच्छता कार्यों और कूड़ा निस्तारण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार जिला पंचायत उधम सिंह नगर को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिन्हित 'स्वच्छता लक्षित इकाइयों' (सीटीयू) की विशेष सफाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम सभा की खुली बैठकें आयोजित कर कूड़ा पृथक्करण के लिए उपयुक्त स्थलों का निर्धारण करें। कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को समीपवर्ती नगर निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर अनुबंध करने को कहा गया है।प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को उनके विकास खंडों और अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को उनके नगर निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए कूड़ा निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं, स्वच्छता को एक जन-आंदोलन बनाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाएगा ताकि समाज में स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन का संदेश प्रसारित किया जा सके।बैठक में परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, जिला विकास अधिकारी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी और अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सेसमस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी और नगर निगम के प्रतिनिधियोंने भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई।



# प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्माण कार्यो के लिए 183.71 करोड़ की धनराशि को दी मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, आवास और पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 183.71 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। इस वित्तीय स्वीकृति से राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आपदा प्रभावितों को सीधी राहत पहुंचाई जा सकेगी।आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने थराली विधानसभा क्षेत्र में नंदप्रयाग-घाट-सुतोल-कनोल मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण और डामरीकरण के लिए 12.90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसके साथ ही चमोली जनपद की सोनली-देवली बागर जलापूर्ति योजना के लिए 6.55 करोड़ और देहरादून में पीली कोठी से बालावाला-गुलरघाटी तक मार्ग चौड़ीकरण के लिए 5.89 लाख रुपये की पहली किस्त को मंजूरी दी गई है। कालाढूंगी क्षेत्र में नहर कवरिंग के बाद सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 11.15 करोड़ और यमकेश्वर में सड़क कार्यों के लिए भी महत्वपूर्ण धनराशि आवंटित की गई है। हरिद्वार के रोशनाबाद में अभियोजन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 11.29 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पंचायतीराज संस्थाओं को कुल 141.15 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने का अनुमोदन किया है। इसके तहत जिला पंचायतों को 21.17 करोड़, क्षेत्र पंचायतों को 14.12 करोड़ और ग्राम पंचायतों को 105.86 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। यह धनराशि पंचायतों के स्तर पर विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगी।मुख्यमंत्री ने संवेदनशील रुख अपनाते हुए पिथौरागढ़ जनपद में प्राकृतिक आपदा के कारण जान गंवाने वाले 09 व्यक्तियों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रति व्यक्ति 1.00 लाख रुपये की दर से अतिरिक्त सहायता राशि देने की स्वीकृति दी है। साथ ही आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए 05 भवनों के स्वामियों को 3.00 लाख रुपये प्रति भवन की दर से राहत राशि प्रदान की जाएगी। आपदा राहत के लिए कुल 24.00 लाख रुपये की यह धनराशि जारी करने का शासनादेश भी निर्गत कर दिया गया है।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531


# खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर 11 व्यापारियों पर सवा दो लाख का जुर्माना

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के उल्लंघन पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने अधिनियम के अंतर्गत निस्तारित प्रकरणों में कुल 11 व्यक्तियों पर दो लाख पैंतीस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह कार्रवाई जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के कारोबार करने, प्रतिष्ठानों में गंदगी पाए जाने और एक्सपायरी तिथि की खाद्य सामग्री का उपयोग करने जैसे गंभीर मामलों में की गई है। अपर जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चेकिंग अभियान के दौरान कई स्थानों पर खुले में मछली की बिक्री, खाद्य सामग्रियों को धूल-मिट्टी और कीटों से बचाने के उचित प्रबंध न होने तथा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित करने के मामले सामने आए थे। इन प्रकरणों की सुनवाई के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए व्यापारियों पर भारी जुर्माना ठोंका है। जुर्माने की कार्रवाई के तहत खैरना चौराहा निवासी दीप चंद्र जोशी पर 15 हजार रुपये, हल्द्वानी गांधीनगर निवासी प्रसादी लाल पर 20 हजार रुपये, सत्ताल स्थित वाईएमसीए कैंपसाइट के मैनेजर सागर पॉज व नोमिनी नोएल फिलिप्स पर 20 हजार रुपये और मल्लीताल स्थित कमल नाथ ढाबा के मालिक कमल नाथ पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसी क्रम में भवानीगंज रामनगर स्थित रस्तोगी जलपान गृह के मालिक महेश कुमार रस्तोगी पर 25 हजार रुपये, रामनगर निवासी दया किशन पर 20 हजार रुपये, ज्योलीकोट स्थित जफर फिश शॉप के मो. शमी व मो. जफर पर 20 हजार रुपये और ज्योलीकोट की ही सकलैनी चिकन एवं मटन शॉप के मुनीर कुरैशी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्रशासन ने हल्द्वानी कालाढूंगी रोड स्थित सती मिष्ठान भंडार के स्वामी अर्चित सती पर 25 हजार रुपये, मंगल पड़ाव निवासी तेज प्रकाश पर 25 हजार रुपये और सुभाष नगर हल्द्वानी निवासी गौरव गैड़ा व अर्जुन सिंह महरा पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी इस प्रकार का निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

## भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने किया उद्घाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी में प्रथम बार आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। श्रीमती पदमा देवी द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।कलश यात्रा के उपरांत मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदिकाल से ही सनातन धर्म में श्रीमद् भागवत कथा का सर्वोच्च स्थान रहा है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के दुखों का नाश होता है और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। चुघ ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कारों से जुड़ना चाहिए ताकि वे गौरवशाली भारतीय संस्कृति को समझ सकें।श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास संदीप कृष्ण भारद्वाज ने मंत्रोच्चार के बीच भागवत महापुराण का उच्चारण प्रारंभ किया। उन्होंने पहले दिन भागवत महिमा का वर्णन करते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व को समझाया।धार्मिक आयोजन में राजाराम यादव, प्रेम वल्लभ त्रिपाठी, तारा दत्त जोशी, सुरेंद्र बेलवाल, पूरन रावत, आनंद सिंह, रमेश गांधी, पुनीत गांधी, गोपाल बोरा, वीरेंद्र बोरा, दयाल बोरा, शांति त्रिपाठी, किरण त्रिपाठी, नारायणी त्रिपाठी, पदम सिंह बिष्ट, पूरन सिंह सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।



# विकसित भारत के संकल्प को घर-घर पहुँचाएगा गारंटी फॉर रोजगार मिशन: बिष्ट

## भाजपा जिला कार्यालय में गारंटी फॉर रोजगार मिशन पर कार्यशाला आयोजित





रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार मिशन (ग्रामीण)' एक्ट को लेकर चलाए जा रहे देशव्यापी जनजागरण अभियान के अंतर्गत जनपद रुद्रपुर में एक वृहद जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी अभियान की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना रहा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने मिशन की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारे गाँव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे। बिष्ट ने जोर देकर कहा कि वीबी-जी- राम-जी मिशन ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार से जोड़ने की एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे एक मिशन के रूप में लेते हुए प्रत्येक बूथ पर सक्रियता बढ़ाएँ। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व है कि वह हर ग्रामीण परिवार तक पहुँचकर उन्हें सरकार की रोजगारपरक नीतियों से अवगत कराए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने सांगठनिक मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जिला हमेशा से संगठन के कार्यों में अग्रणी रहा है और इस अभियान में भी हम नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। जिला सह-प्रभारी साकेत अग्रवाल और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वरिष्ठ नेताओं ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते, जिसे दूर करने के लिए यह जन जागरण अभियान मील का पत्थर साबित होगा। दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने भी ग्रामीण महिलाओं और युवाओं की इस मिशन में भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्षों और बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इस मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता तथा कार्यक्रम संयोजक अमित नारंग एवं अंजू भूड्डी महिला , जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान व शालिनी बोरा, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल एवं अक्षय अरोरा, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सेक्ससेना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश बजाज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन गहलोत, मण्डल अध्यक्ष मुकेश पाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हारून मालिक, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश कोहली, मण्डल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, मण्डल अध्यक्ष मयंक तिवारी, ममता त्रिपाठी, ममता जीना सहित मण्डल महामंत्री, कार्यक्रम के संयोजक-प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत महाराष्ट्र में हुई बंपर जीत की सभी ने खुशी बनाई एवं एक दूसरे को बधाई दी। कार्यशाला के समापन के उपरांत मुख्य वक्ता शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार मिशन (ग्रामीण) एक्ट के माध्यम से सरकार ग्रामीण पलायन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला स्तर पर विशेष निगरानी इकाइयाँ बनाई गई हैं जो यह सुनिश्चित करेंगी कि रोजगार की गारंटी धरातल पर उतरे। बिष्ट ने कहा कि विपक्षी भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, जबकि भाजपा सरकार सीधे लाभार्थियों के खातों और उनके कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह जनजागरण अभियान आने वाले समय में उत्तराखंड के ग्रामीण परिदृश्य में सकारात्मक क्रांति लेकर आएगा।

# ब्लड डिसऑर्डर्स व बोन मैरो ट्रांसप्लांट की ओपीडी सेवा शुरु

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने शहर के श्री राम हॉस्पिटल में ब्लड डिसऑर्डर्स और बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। जिसका शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के हीमैटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सत्येन्द्र कटेवा, की उपस्थिति में किया गया। डॉ. सत्येन्द्र



कटेवा हर महीने के तीसरे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां वे मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. स कटेवा ने कहा ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर में समय पर पहचान बेहद जरूरी होती है। ब्लड से जुड़ी आम बीमारियों में लो हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट काउंट कम होना, थैलेसीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया, हीमोफीलिया और अन्य ब्लीडिंग डिसऑर्डर्स शामिल हैं। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से बच्चों में किसी भी प्रकार के कैंसर, ट्यूमर, ल्यूकेमिया, ब्लड कैंसर और अन्य पीडियाट्रिक कैंसर के इलाज के लिए कंसल्टेशन उपलब्ध कराया जाएगा।

# केएलए और केन्या के बीच हुआ चावल निर्यात का अनुबंध

## अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच केन्या ने दिखाया भारत पर भरोसा,3 लाख टन निर्यात की राह खुली

रूद्रपुर। चावल निर्यात के क्षेत्र में उत्तराखंड की प्रतिष्ठित निर्यातक इकाई, केएलए इंडिया लिमिटेड ने वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बीच एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। हाल के दिनों में अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न हुई अनिश्चितता के माहौल में, केएलए ने अफ्रीका के प्रमुख देश केन्या के साथ चावल निर्यात को लेकर एक बड़ा अनुबंध किया है। यह समझौता न केवल कंपनी के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के निर्यात क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आया है।इस व्यापारिक गठबंधन की शुरुआत केन्या से आए एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के साथ हुई। मिस्टर ईवांस और उनके सहयोगियों ने किच्छा रोड स्थित केएलए की राइस मिल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चावल के उत्पादन, प्रसंस्करण और पैकेजिंग से जुड़ी बारीकियों को समझा। केएलए के एमडी अरुण अग्रवाल और डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को चावल की उच्च तकनीक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मानकों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। मिल की अत्याधुनिक तकनीक और उत्पाद की श्रेष्ठता से प्रभावित होकर केन्याई प्रतिनिधिमंडल ने न केवल संतोष व्यक्त किया, बल्कि



केएलए के साथ अनुबंध करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्यात के लिए पहला ऑर्डर भी जारी कर दिया।केन्या और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों में आई यह प्रगाढ़ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि केन्या अपनी गुणवत्ता आवश्यकताओं को लेकर अत्यधिक सजग है। केन्या सरकार ने भारत से होने वाले चावल आयात पर नियंत्रण और गुणवत्ता की निगरानी के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर एक विशेष कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी भारत के चुनिंदा और प्रमुख निर्यातकों के साथ सीधे अनुबंध करती है। इसी प्रक्रिया के तहत केएलए का चयन हुआ है, जिससे अब भविष्य में भारत से केन्या को लगभग 3 लाख टन चावल निर्यात होने की प्रबल संभावना बन गई है।अनुबंध के दौरान एमडी अरुण अग्रवाल ने रेखांकित किया कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण निर्यात क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, ऐसे में अफ्रीका जैसे उभरते बाजार के साथ यह साझेदारी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस समझौते से न केवल विदेशी मुद्रा का अर्जन होगा, बल्कि निर्यात का यह दायरा भविष्य में और भी विस्तृत किया जाएगा।गौरतलब है कि केएलए इंडिया लिमिटेड वर्तमान में उत्तराखंड की सबसे बड़ी चावल निर्यातक इकाई है। कंपनी की साख का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में जारी निर्यात इंडेक्स में उत्तराखंड ने असम, हिमाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पर्वतीय राज्यों की श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डायरेक्टर अशोक अग्रवाल के अनुसार, उत्तराखंड के बेहतर औद्योगिक वातावरण और किसानों की मेहनत का ही परिणाम है कि प्रदेश का चावल वैश्विक बाजारों में अपनी पहचान बना रहा है। इस अनुबंध के माध्यम से स्थानीय किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा और वैश्विक स्तर पर उत्तराखंड की व्यापारिक धाक और मजबूत होगी।

# सांसद खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, सेमीफाइनल की टीमें तय

## संसदीय क्षेत्र की 14 विधानसभाओं के बीच छिड़ा कड़ा मुकाबला, पारंपरिक खेल गोली-कंचा बना आकर्षण का केंद्र

रूद्रपुर । युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित खेल महाकुंभ-2025 के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी' की सांसद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निगम रूद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर किया। इस खेल भावना के साथ मैदान में उतरना ही एक वास्तविक खिलाड़ी की पहचान है। महापौर ने जोर देकर कहा कि आज के दौर में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि करियर का एक उत्कृष्ट विकल्प है और कबड्डी वर्ग में काशीपुर विधानसभा ने हल्द्वानी को, गदरपुर ने कालाढूंगी को, लालकुआं ने भीमताल को और रूद्रपुर ने खटीमा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी आयु वर्ग की वॉलीबॉल स्पध परिणामों में कबड्डी के भीतर भीमताल विधानसभा ने काशीपुर को और रूद्रपुर ने गदरपुर को हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। वॉलीबॉल में रूद्रपुर ने बाजपुर को, नानकमत्ता ने नैनीताल को, कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन हरीश दनाई ने किया, जबकि रेफरी की भूमिका दिनेश सिंह, बृजेश दुबे, कमल सक्सेना, गोकुल चन्द्र लोहनी, विकास कुमार, श्याम भट्ट,







का भव्य आगाज शुक्रवार को हुआ। स्थानीय मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिवालिक हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की सभी 14 विधानसभाओं के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों में जोश भरते हुए कहा कि खेल महाकुंभ उत्तराखंड की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, लेकिन अनुशासन और राज्य सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल महाकुंभ की गाइडलाइन का पालन करने और नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मैदान पर हुए मुकाबलों के परिणामों की जानकारी देते हुए विभाग ने बताया कि अंडर-14 र्ग में नैनीताल ने बाजपुर को, काशीपुर ने लालकुआं को, गदरपुर ने रूद्रपुर को और कालाढूंगी ने हल्द्वानी को शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह बनाई। पारंपरिक खेल 'गोली- कंचा' के अंडर-14 वर्ग में बाजपुर के आदर्श प्रथम, रूद्रपुर के बाशिद द्वितीय और निहाल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-19 आयु वर्ग के हल्द्वानी ने सितारगंज को और जसपुर ने काशीपुर को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। अंडर-19 गोली-कंचा स्पर्धा में बाजपुर के अजय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस खेल महाकुंभ के दौरान क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, डॉ. नागेन्द्र शर्मा और विभिन्न क्षेत्रों के युवा तनुजा, हर्षदीप सिंह, रोहित चौधरी और विमल पाण्डे ने निभाई। कार्यक्रम के समापन पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होंगे।

# हरिद्वार जिला पूर्ति अधिकारी और सहायक 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिद्वार (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन के निर्देशों के तहत भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदेश में निर्णायक कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में विजिलेंस विभाग की टीम ने हरिद्वार जनपद में बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य और उनके सहायक को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शासन की इस सख्त कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देहरादून से आई विजिलेंस टीम को लंबे समय से जिला पूर्ति कार्यालय हरिद्वार में अधिकारियों द्वारा रिश्वतखोरी किए जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। इन शिकायतों के सत्यापन और सटीक रणनीति तैयार करने के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और अधिकारियों को रिश्वत की रकम के साथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के तत्काल बाद विजिलेंस टीम ने दोनों आरोपियों से जिला पूर्ति कार्यालय में ही गहन पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही कार्यालय के अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों को भी कब्जे में लेकर बारीकी से जांच की जा रही है ताकि भ्रष्टाचार के इस खेल में शामिल अन्य कड़ियों का पता लगाया जा सके।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्रवाई पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के मामले में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा जनसेवा के लिए है और यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग कर जनता को प्रताड़ित करता है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर ही विजिलेंस और एसटीएफ जैसी जांच एजेंसियोंको पूरी स्वतंत्रता के साथ काम करने की छूट दी गई है।पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश के भीतर पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों की गिरफ्तारियों और अवैध संपत्तियों पर हो रही कार्रवाई से शासन ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की शिकायत हो, तो तत्काल संबंधित माध्यमों पर सूचना दें। सरकार शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखते हुए त्वरित कार्रवाई करेगी ताकि प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सके।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बेरोजगारी का मुद्दा

देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और यह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हों। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं।गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है।दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो। विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे।सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा! यह सच है कि बेरोजगारी दर में उतार-चढ़ाव से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बेरोजगारी दर में कमी लाने के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। तभी भारत सही मायने में एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ पाएगा।

# अब 'लोक भवन गोल्फ क्लब' के नाम से जाना जाएगा नैनीताल का राजभवन गोल्फ क्लब

**मई में होगा गवर्नर्स कप टूर्नामेंट, राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी मिलेगा गोल्फ का प्रशिक्षण**



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने लोक भवन देहरादून में गोल्फ क्लब नैनीताल की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में राज्यपाल ने सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के प्रावधानों के अनुरूप राजभवन गोल्फ क्लब का नाम परिवर्तित कर 'लोक भवन गोल्फ क्लब' किए जाने की अनुमति प्रदान की। उन्होंने अधिकारियों को नाम परिवर्तन से जुड़ी समस्त औपचारिक कागजी कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।बैठक के दौरान गोल्फ कोर्स के रखरखाव और सुविधाओं के आधुनिकीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि गोल्फ कोर्स की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाए। इसके साथ ही मई माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले 'गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2026' की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आगामी टूर्नामेंट को पिछले वर्षों की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाए। इसके लिए देश के अन्य प्रतिष्ठित गोल्फ क्लबों के साथ समन्वय स्थापित कर वहां की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को लागू करने पर जोर दिया गया।राज्यपाल ने इस खेल को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि गोल्फ केवल विशिष्ट वर्ग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को इस खेल से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। राज्यपाल ने लोक भवन गोल्फ क्लब को समावेशी खेल संस्कृति का केंद्र बनाने का आह्वान किया। बैठक में सचिव राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष रविनाथ रामन, परिसहाय एवं सचिव अमित श्रीवास्तव, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. सचिन चमोली और कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली उपस्थित रहे।

# बाबा भुम्मन शाह की जयंती पर झुन्नी माजरा में धार्मिक समागम, उमड़ी संगत

गदरपुर (उद संवाददाता)। ग्राम झुन्नी माजरा स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में मकर संक्रांति के पावन पर्व और कंबोज समाज के पूजनीय बाबा भुम्मन शाह की 278वीं जयंती श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक समागम में भारी संख्या में संगत ने शिरकत कर गुरु चरणों में मत्था टेका।ग्रंथी सिमरनजीत सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के तीन अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए, जिसके उपरांत सर्वत्र सुख-शांति और जनकल्याण की अरदास की गई। इस दौरान भाई सिमरनजीत सिंह ने गुरु नानक देव और बाबा भुम्मन शाह की शौर्य गाथा एवं उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा भुम्मन शाह ने जीवन पर्यंत लोगों को नाम सिमरन और समाज सेवा के कार्यों से जोड़कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारत और विशेषकर पंजाब के विभाजन के उपरांत यहाँ आकर बसे सैकड़ों परिवारों द्वारा इस गुरुद्वारे की स्थापना की गई थी। यहाँ हर वर्ष मकर संक्रांति के तीसरे दिन भव्य समागम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारे के बाहर दूर-दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाईं, जिससे मेले जैसा माहौल नजर आया। पूरे दिन गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में कंबोज समाज सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ प्रतिभाग किया।



# धूप निकलने से लोगों को मिली राहत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगातार घने कोहरे के आगोश में सिमटे लोगों को आज अपरान्ह चटक धूप निकलने से काफी राहत महसूस हूई। धूप निकलते ही अधिकांश लोग अपना काम छोड़कर धूप का आनन्द लेने के लिए बाहर निकल कर आ गये। गौरतलब हो कि यहां तराई भावर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से घने कोहरे के कारण लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। यदा कदा कभी धूप निकली भी तो उससे लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी। जबकि पड़ोसी जनपद नैनीताल में लोग ठंड से बचने के लिए निरंतर रोजाना धूप का आनन्द ले रहे हैं। वहीं मौसम वैंज्ञानिकों का मानना है कि जब तक बरसात नहीं होगी क्षेत्र में कोहरे के कारण लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ सकता है। साथ ही बरसात न होने और कोहरे के कारण फसलों को भी नुकसान उठाना पडेगा।


## उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि.

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148**

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

### विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के0वी0 उपसंस्थान लालपुर एवं किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/Rajshayama/ Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णत: / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अत: आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | तिथि | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 11 के0वी0 | टाउन प्रथम, द्वितीय तृतीय, सिरोली, भंगा एवं एस0ई0आर0एल0 पोषक | 19.01.2026 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, दरऊ, कुरैया पोषक | 20.01.2026 | | |

Customer Care Toll Free No- 1912

"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

**( राष्ट्रहित में बिजली बचायें )**

पत्रांक: 5562 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 16.01.2026

**अधिशासी अभियन्ता**


# किसान चौपाल में पशुपालकों को दी गई उन्नत पशुपालन की जानकारी

बाजपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना (फ्रिजवाल) के तहत ग्राम बरहैनी कृत्रिम गर्भाधान केंद्र में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में पशुपालकों और वैज्ञानिकों ने सीधा संवाद किया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन की आधुनिक तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना था। किसान चौपाल का उद्घाटन प्रजनन विभाग के प्राध्यापक एवं परियोजना अधिकारी डॉ. सीबी सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित पशुपालकों और परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए इस विशेष परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. सीबी सिंह ने बताया कि इस योजना के माध्यम से पशुपालकों को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुँचाने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. बृजेश सिंह ने पशुओं की नस्ल सुधार, देसी नस्लों के संरक्षण और प्रजनन से जुड़ी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान सुझाए। उन्होंने पशु पोषण के महत्व पर जोर देते हुए सलाह दी कि पशुपालकों को उन्नत तकनीकों को अपनाना चाहिए और पशुओं के प्रति संवेदनशील भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शिवांशु तिवारी ने पशुपालकों का पंजीकरण किया और उन्हें आवश्यक सामग्री का वितरण किया। इस चौपाल में क्षेत्र के कुल 40 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में शिवांशु तिवारी द्वारा ही धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# बिन्दुखेड़ा में कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। थाना रूद्रपुर के उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बिन्दुखेड़ा रोड पर एक निर्माणाधीन कॉलोनी के पास आम के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति सफेद कट्टे में कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस वाहन को आता देख पेड़ के नीचे बैठा व्यक्ति कट्टा लेकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पवन सिंह पुत्र सूरज पाल, निवासी बिन्दुखेड़ा, दानपुर बताया। पुलिस ने जब उसके पास मौजूद सफेद कट्टे की तलाशी ली, तो उसमें से 90 पाऊच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी से शराब से संबंधित लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह परिवार के गुजारे के लिए शराब बेचने का काम करता है।पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर सील कर दिया और आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी के साथ कांस्टेबल कृष्णा टम्टा और ताजवीर शाही शामिल रहे।

# राजनगर में मिल्क प्लांट का विरोध तेज, किसानों का धरना जारी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ग्राम राजनगर में प्रस्तावित मिल्क पाउडर एवं आइसक्रीम प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। किसानों का धरना प्रदर्शन आज 13वें दिन भी जारी रहा, जिसे अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जिस भूमि पर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, उस पर वे दशकों से खेती कर रहे हैं और बिना सहमति के परियोजना थोपना उनके साथ अन्याय है। धरना दे रहे ग्रामीणों का तर्क है कि विवादित भूमि सरकारी अभिलेखों के वर्ग-20 में निरोध चंद्र व्यापारी, रतन मंडल, उपेंद्र नाथ मंडल एवं नित्यानंद मंडल के नाम दर्ज है। ऐसे में प्रशासन द्वारा इस भूमि को दुग्ध विभाग को सौंपना किसानों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। आंदोलन को समर्थन देने धरना स्थल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नवतेज पाल सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य और पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर पूंजीपतियों को फायदा पहुँचाने के लिए गरीब किसानों की जमीन छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बंगाली समुदाय को वर्ग 8 के तहत बसाया था, जबकि भाजपा उन्हें उजाड़ने का काम कर रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, यह लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी। समाजसेवी सुनील हालदार ने पुनर्वास विभाग के नियमों पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या राज्य सरकार को पट्टे निरस्त कर भूमि वापस लेने का वैधानिक अधिकार है, सरकार को यह स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। दूसरी ओर, दुग्ध विभाग के अधिकारी राजेश मेहता ने पूर्व में बताया था कि जिला प्रशासन ने वर्ष 2023 में राजनगर की करीब पांच एकड़ भूमि विभाग को हस्तांतरित की थी, जिस पर नाबार्ड के सहयोग से प्लांट लगाया जा रहा है। वर्तमान में गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान विनय विश्वास, सुमिंदर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, अमित सरकार, विश्वजीत सरकार, अमित मांझी, नारायण मिस्त्री, विभूति प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# नशे के विवाद में हुई थी समीर की पत्थर से कुचलकर हत्या

## मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार, एसएसपी ने पुलिस टीम को 1500 रुपये इनाम देने की घोषणा की

रामनगर (उद संवाददाता)। मोहल्ला गूलरघट्टी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह हुए सनसनीखेज समीर हत्याकांड का रामनगर कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त 'आलाकत्ल' भी बरामद कर लिया है। नशे की मात्रा को लेकर हुए मामूली विवाद ने इस जघन्य हत्याकांड का रूप ले लिया था। घटना का विवरण देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय समीर उर्फ लक्की की अज्ञात हमलावरों ने पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई रिजवान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की विभिन्न टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नजीर (निवासी गूलरघट्टी) और उसके साथी आशीष (निवासी ग्राम पूछड़ी) को धर दबोचा। पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक समीर और आरोपी नजीर दोनों नशे के आदी थे। घटना के वक्त दोनों साथ में नशे का सेवन कर रहे थे, तभी नशे की मात्रा को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर नजीर ने समीर के सिर पर ईंट और पत्थर से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एएसपी कत्याल ने स्पष्ट किया कि पुलिस अब इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि आरोपी नशा कहाँ से लाए थे। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड का चंद घंटों में सफल खुलासा करने वाली टीम के उत्साहवर्धन हेतु 1500 रुपये के नगद इनाम की घोषणा की है। इस खुलासे में सीओ सुमित पांडे, कोतवाल सुशील कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र प्रसाद, दीपक बिष्ट, सोमेंद्र सिंह और तारा सिंह राणा सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।



# पुलिस पर कोर्ट आदेश की अवहेलना का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा वार्ड 16 निवासी डा. शिशुपाल यादव पुत्र लेखराज ने अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को एक पत्र प्रेषित कर जनपद उधमसिंह नगर पुलिस पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की मांग की है। पत्र में डा. यादव ने कहा है कि 10 दिसम्बर 25 की रात्रि राजवीर यादव व उसके साथियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी लिखित शिकायत पुलिस से की गई। कार्रवाई न होने पर 22 दिसम्बर 25 को जान माल की सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जिसके बाद उच्च न्यायालय द्वारा 21 मई 25 को उनकी जानमाल की सुरक्षा के लिए जिला पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया गया। बावजूद उन्हें अभी तक कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई है और न ही उनसे सुरक्षा के सन्दर्भ में कोई जानकारी मांगी है। जिससे उनके जीवन को संकट बना हुआ है।

सूचना
हम आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि विक्रय पत्र दिनांकः 27.3.2012 को बही नं. 1, जिल्द नं. 909, पृष्ठ संख्या 109 से 128, सीरियल नं.– 2628 पर सब रजिस्टार किच्छा, उधम सिंह नगर पर पंजीकृत है। जिसका प्लॉट नं.–160 व 161 का भाग है। जो की खसरा नं.– 226 मिन, ग्राम–कोलड़ा, तहसील किच्छा जिला उधम सिंह नगर पर स्थित है। जिसकी चौहद्दी पूर्व में रास्ता, पश्चिम में प्लॉट नं.–167 व 168, उत्तर में प्लॉट नं.– 160 का भाग, दक्षिण में प्लॉट नं.–162 है। जो कि श्रीमती सुमन रानी पुत्री श्री लेखराज एवं पत्नी श्री प्रदीप कुमार से कहीं खो गई है। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक शाखा रुद्रपुर, उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। यदि कोई व्यक्ति इसे पाता है, वह संपत्ति में किसी हित या स्वामित्व का दावा करता है, तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजाब नेशनल बैंक, शाखा रुद्रपुर से संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।
श्रीमती सुमन रानी पुत्री श्री लेखराज पत्नी श्री प्रदीप कुमार अब्दुल्ला नगर, बकेनिया, गदरपुर, उधम सिंह नगर।

# पेज एक का शेष...

**किसान सुखवंत सिंह...**हो जाती है। गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी परिवार से भी यह विनती करती है कि गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी की सेवाओं की जहां पर भी जरूरत महसूस करें वह हमें याद करेंहम परिवार के साथ हर तरीके से खड़े हैं। 20 जनवरी को वीर सुखवंत सिंह की अंतिम अरदास है उसे अंतिम अरदास में अधिक से अधिक संगत को पहुंचाने की विनती की गई। 20 जनवरी तक इस मसले में की जाने वाली कार्रवाई को देखते हुए दोबारा फिर इस मसले पर गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी की मीटिंग जल्द ही बुलाई जाएगी। बैठक में गुरुद्वारा 6 केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष जोगिंदरसिंह, महासचिव प्रतिपाल सिंह, सुरमुख सिंह विर्क, गुरमीत सिंह अजमेर सिंह, हरजीत सिंह विरदी, जीत सिंह चाचू, बलविंदर सिंह, सोमपाल सिंह, परविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, कमलजीत सिंह, हरि सिंह ग्रोवर, करनैल सिंह नागपाल, रंजीत सिंह, दीप अदलखा, मनजीत सिंह मक्कड़, सुरेन्द्र सिंह ग्रोवर, बलदेव सिंह बाजवा, अवतार सिंह चावला, अमर सिंह रायपुर, हरभजन सिंह बिंदु खेड़ा, इत्यादि अन्य कमेटी मेंबर उपस्थित थे।

**दहशत का पर्याय...**की बस्तियों के लोग भी शाम ढलते ही घरों में दुबकने को मजबूर थे। पूर्व में भी कई बार तेंदुए के दिखाई देने की शिकायतें वन विभाग को मिली थीं, जिसके बाद किले परिसर में पिंजरा लगाया गया था। कल रात चले इस सफल रेस्क्यू अभियान में पुरातत्व विभाग के सुपरिटेंडेंट डॉ. मोहन चंद्र जोशी, संरक्षण सहायक प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा और वन विभाग के रेंजर देवेन्द्र सिंह की रणनीति रंग लाई। घंटों की कड़ी मशक्कत और सावधानी के बाद तेंदुए को पिंजरे में कैद किया गया। अभियान में वन कर्मी यशपाल सहित अन्य फील्ड कर्मचारियों ने भी अहम भूमिका निभाई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उसे सुरक्षित रूप से घने जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। हालांकि, एक तेंदुआ पकड़े जाने के बावजूद विभाग अभी भी क्षेत्र में सतर्कता बरत रहा है ताकि अन्य वन्यजीवों की मौजूदगी होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

**हत्या के खिलाफ ...**को पकड़ने में ढिलाई बरत रही है। इसी बात से नाराज होकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और अस्पताल के बाहर ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे अस्पताल परिसर में काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। हंगामे की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समर्थन देते हुए पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। ठुकराल ने पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शहर में अपराध बढ़ रहे हैं और पुलिस को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वह स्वयं कोतवाली में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास किया और बताया कि मामले की जांच के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और बहुत जल्द असली कातिल सलाखों के पीछे होंगे। इस पुख्ता आश्वासन के बाद ही परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हुए और धरना समाप्त किया गया। इस दौरान मृतक की पत्नी कौशल्या, बेटी सलोनी, राजमणि, दीपक कोली, चेतन प्रकाश, सोनू कोली, अनीता, राज मुनि कोली समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**हादसे में महिला...**पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक अज्ञात वाहन और फरार चालक का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हत्यारे वाहन की पहचान की जा सके।

# दिनेशपुर में 150 पंजीकृत श्रमिकों को बांटी किट

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के सौजन्य से 150 पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को किट का वितरण किया। नगर पंचायत परिसर में आयोजित शिविर के माध्यम से श्रमिकों को उनके कार्य और दैनिक जीवन में काम आने वाले उपकरण सौंपे गए।नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वितरित की गई किट में टूल उपकरण, सैनिटरी पैड और छाता आदि सामग्री शामिल थी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि दिनेशपुर क्षेत्र के पात्र श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए जगह-जगह शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए लगातार किट वितरण अभियान चलाया जा रहा है।भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि सरकारी सेवाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करना सरकार की प्राथमिकता है।इस मौके पर श्रम इंस्पेक्टर राजेंद्र सैनी, सभासद संजय राय, सभासद सविता बैरागी, सभासद प्रतिनिधि विसंबर बैरागी, पूजा शील, सरिता राय, पूनम सरकार, कविता राय, अमेला विश्वास, मिनती ढाली, नेपा मजूमदार, लक्ष्मी मंडल, ब्यूटी राय, कविता रानी, बीनू तरफदार, सुषमा देवी, सुनीता कोरंगा, निर्मला मेहता, दीपा पाठक और रानी न्याल सहित कई लोग मौजूद रहे।



# डॉ. वाईएल नेने की आठवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केन्द्र स्थित 'सेन्टर फॉर वृक्षायुर्वेद रिसर्च एवं ट्रेनिंग सेन्टर' में प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. वाईएल नेने की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। एशियन एग्री-हिस्ट्री फाउंडेशन के मुख्यालय द्वारा आयोजित इस स्मृति समारोह में वैज्ञानिकों, छात्र-छात्राओं और राजस्थान से आए किसानों ने डॉ. नेने के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एशियन एग्री-हिस्ट्री फाउंडेशन की कार्यकारी सचिव डॉ. सुनीता टी. पाण्डे ने डॉ. नेने द्वारा विश्वविद्यालय में किए गए उत्कृष्ट शोध और विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि डॉ. नेने ने वर्ष 1993 में इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से भारत की गौरवशाली कृषि विरासत 'वृक्षायुर्वेद' की प्रति प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने देश-विदेश से कृषि पराशर, विश्ववल्लभ, उपवनविनोद और कश्यपाकृषिसुक्ति जैसी प्राचीन पांडुलिपियों को एकत्रित कर उनका अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अनुवाद कराया। डॉ. नेने ने अपना पूरा जीवन प्राचीन भारतीय कृषि ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिकों, नीति-निर्धारकों और किसानों तक पहुँचाने में समर्पित कर दिया, ताकि जलवायु और पर्यावरण की समस्याओं का समाधान पारंपरिक ज्ञान के जरिए खोजा जा सके।मुख्य अतिथि और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुभाष चन्द्र ने प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए ऑटोमेशन तकनीक पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। संचार निदेशक डॉ. जेपी जायसवाल ने प्राकृतिक खेती को भविष्य के शोध का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया, वहीं संयुक्त निदेशक शोध डॉ. अमित भटनागर ने इस क्षेत्र में अधिक तर्कसंगत और वैज्ञानिक शोध पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सस्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल शुक्ला सहित कई संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने डॉ. नेने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।समारोह में राजस्थान के श्रीगंगानगर से आए लगभग 20 प्रगतिशील किसानों ने भी शिरकत की। भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े सदस्यों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चोरी के जेवर व नगदी समेत शातिर चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व तल्ला गोरखपुर बद्रीपुरा में लाखों रुपए कीमत के जेवर और हजारों की नगदी चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 15 जनवरी को दया नेगी पत्नी स्व0 जगत सिंह नेगी निवासी वार्ड संख्या 11, तल्ला गोरखपुर, बद्रीपुरा ने कोतवाली में आकर तहरीर दी कि उनके निवास स्थान पर दोपहर में एक अज्ञात व्यक्ति किराये में रहने हेतु बात करने के लिये



आया और 8000 ररुपए प्रतिमाह किराया तय कर लिया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम दीपक बिष्ट निवासी दन्या जिला अल्मोड़ा बताया और उससे घर के पीछे वाला गेट खोलकर रखने और अपना सामान लाने की बात कही। जिस पर दया नेगी पीछे का गेट खोलने हेतु चली गयी। आरोप है कि मौका देखते ही उक्त व्यक्ति द्वारा घर के दो मंजिले के कमरे से एक लोहे का बक्सा जिसमे वादिनी का 01 सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक छोटी सोने की बाली, दस हजार के करीब नकदी और साडियाँ तथा मकान की रजिस्ट्री थी को चोरी कर ले गया। उन्होंने बताया कि घटना की रपट दर्ज करने के बाद घटना के तत्काल अनावरण तथा संलिप्त की गिरफ्तारी के सख्त दिशा निर्देश दिये गये। विजय सिंह मेहता, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से उक्त चोरी की घटना में संलिप्त चोर की पहचान कर बरेली रोड मेडिकल कॉलेज के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र हरीश सिंह बिष्ट निवासी खाड़ी सुनार थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 8000 रुपए नगद, 4 अदद पायल, 2 अदद सिक्के, 2 अदद बिछुवे ,1 अदद बाली ,1 अदद मंगलसूत्र ,जमीन की रजिस्ट्री और लोहे का बरसा बरामद हुआ। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रोहताश सागर व भूपेन्द्र सिंह मेहता, उप निरीक्षक कृपाल सिंह चौकी प्रभारी हीरानगर, हे0कानि0 इसरार नबी, हे0कानि0व मनोज कुमार, कानि0 अनिल कुमार, दिनेश नगरकोटी, धीरेन्द्र अधिकारी व प्रकाश कार्की शामिल थे। इस दौरान एसपी मनोज कत्याल, सीओ अमित सैनी व कोतवाल विजय सिंह मेहता भी मौजूद थे।

# बिचपुरी में 64 बीघा भूमि अतिरिक्त सीलिंग घोषित

बाजपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में तहसील प्रशासन ने ग्राम बिचपुरी में बड़ी कार्रवाई की है। विवादित भूमि पर चली लंबी विधिक प्रक्रिया के बाद प्रशासन ने 64 बीघा भूमि को अतिरिक्त सीलिंग भूमि घोषित करते हुए उसे राज्य सरकार की संपत्ति के रूप में दर्ज कर लिया है। उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सूचना बोर्ड भी स्थापित कर दिया है।राजस्व विभाग द्वारा लगाए गए बोर्ड के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय में योजित सिविल अपील संख्या 662 (वर्ष 1995) तथा उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या 2037 (वर्ष 2000) में पारित आदेशों के क्रम में की गई है। न्यायालयों के इन आदेशों के अनुपालन में नियत प्राधिकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा सीलिंग वाद संख्या 51/82 में बीती 21 नवंबर 2025 को आदेश पारित किया गया था। इसके तहत ग्राम बिचपुरी की खाता संख्या 17 और खसरा संख्या 6/2 की कुल 4.047 हेक्टेयर (64 बीघा) भूमि को अतिरिक्त सीलिंग भूमि घोषित किया गया है।प्रशासन ने सूचना के जरिए कड़ा संदेश दिया है कि अब यह भूमि आधिकारिक रूप से राज्य सरकार की संपत्ति है। इस पर किसी भी व्यक्ति, समूह या संस्था द्वारा किया गया अतिक्रमण, कब्जा या किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पूर्णत: अवैध माना जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति इस सरकारी भूमि पर अनधिकृत गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर विधिक और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।



# भाजपा ओबीसी मोर्चा का रोड शो 18 को : राठौर

रुद्रपुर (उद संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के नेतृत्व में विशाल रोड शो का आयोजन कल 18 जनवरी दिन र एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के परिवारजन रोड शो में सादर आमंत्रित है। उन्होंने सभी भाजपा परिवार जनों से निवेदन किया है कि कल 18 जनवरी दिन रविवार को समय दोपहर 12:00 बजे गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर पहुंचकर रोड शो को सफल बनाएं और अपनी भागीदारी कर सहयोग करे।



# फार्म हाऊस के खंडर में अधेड़ की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। फाजलपुर महरौला क्षेत्र में रामपुर रोड स्थित एक फार्म हॉउस के खंडहर पड़े घर में एक अधेड़ व्यक्ति की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।शव के पास से कुछ पैसे, मोबाइल और गमछा मिला है। मृतक की पहचान रम्पुरा वार्ड-22 निवासी 45 वर्षीय मलखान पुत्र भीमसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार प्रीत विहार फाजलपुर महरौला से सटा हुआ एक फार्म हाउस है। इसका स्वामी विदेश में रहता है और फार्म की देखभाल मैनेजर हाकिम अली को सौंपी गई है। वहीं मजदूरों का परिवार भी फार्म हाउस के पास रहता है। बताया जा रहा है कि फार्म हाउस में काम करने वाले एक मजदूर की पत्नी सुनीता अपनी बकरी बांधने के लिए खंडहर के पास झाड़ियों में गई थी। खंडहर के पास से सुनीता को मोबाइल की घंटी बजते हुए सुनाई दी। जब वह वहां पहुंची तो एक अधेड़ व्यक्ति की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। इसकी सूचना महिला ने अपने पति को दी। मजदूर ने मैनेजर हाकिम अली को मामले की जानकारी दी। मैनेजर की सूचना पर सीओ सिटी प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई अनिल जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। शव के पास से मोबाइल फोन, गमछा और अन्य सामान बरामद किए गए। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इधर, सोशल मीडिया पर मोबाइल फोन की स्क्रीन पर मृतक की बेटी का फोटो दिखाई देने के बाद किसी ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। इससे मृतक की पहचान मूल निवासी कैथल चंदौसी उत्तरप्रदेश के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक मलखान लखनऊ में हेलमेट बेचने का काम करता था और बुधवार को ही रुद्रपुर अपनी बेटी से मिलने आया था। सीओ सिटी ने बताया कि सिर और मुंह पर ईंट और पत्थर से वार कर हत्या की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकात मिश्रा ने कहा कि प्रारंभिक जांच में अधेड़ व्यक्ति की पत्थरों से कुचलकर हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है।

# दो से अधिक हथियार रखने वालों को एक सप्ताह में जमा करने होंगे शस्त्र

## गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद जिलाधिकारी ने दी चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में दो से अधिक शस्त्र लाइसेंस रखने वाले धारकों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस और प्रभारी अधिकारी शस्त्र को निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के पास दो से अधिक हथियार हैं, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अतिरिक्त शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आयुध नियम-2019 में किए गए संशोधन के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति दो से अधिक शस्त्र नहीं रख सकता है। उन्होंने बताया कि इस नियम के अनुपालन के लिए पूर्व में भी समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सार्वजनिक सूचनाएं प्रकाशित की गई थीं और संबंधित शस्त्र धारकों को व्यक्तिगत रूप से नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद कई शस्त्र धारकों ने अब तक अपने अतिरिक्त लाइसेंस निरस्त कराने या शस्त्र जमा करने के संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।प्रशासन की ओर से अंतिम चेतावनी जारी करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे सभी शस्त्र धारक एक सप्ताह के भीतर अपने दो से अधिक हथियारों को संबंधित थानों में जमा करा दें और लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से शस्त्र जमा नहीं किए जाते हैं, तो एक सप्ताह के बाद प्रशासन नियमों के उल्लंघन के आरोप में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाएगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी, ओसी गौरव पाण्डेय और सीओ प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# डंपर की टक्कर से आईटीबीपी के जवान की मौत, पिता गंभीर

## लेह लद्दाख में तैनात थे त्रिलोकी कुमार

सितारगंज । तेज रफ्तार डंपर वाहन की टक्कर से आइटीबीपी जवान की मृत्यु हो गई । हादसे में जवान के पिता गंभीर रुप से घायल हुए है। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक आइटीबीपी सेवा में लेह लद्दाख में तैनात थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। ग्राम कैलाशपुरी निवासी त्रिलोकी राम पुत्र ओमप्रकाश आइटीबीपी सेवा में नौकरी करते थे। शुक्रवार की शाम त्रिलोकी राम, पिता ओमप्रकाश के साथ बाइक से अपनी बहन के यहां चंदेली से वापस लौट रहे थे। खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम भगौरा के समीप तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में त्रिलोकी राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे के बाद मार्ग में जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। त्रिलोकी राम आइटीबीपी में तैनात थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी लेह लद्दाख में चल रही थी। वह अवकाश पर घर आए हुए थे। त्रिलोकी राम के भाई पुलिस सेवा में हैं, जबकि एक भाई सिडकुल में कार्य करते हैं। त्रिलोकी राम अपने पीछे दो बच्चे और पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायण ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने पुलिस, प्रशासन से हादसों पर अंकुश लगाने की मांग की।

# गदरपुर में आम आदमी पार्टी का प्रदेश कार्यकर्ता संवाद कल

## प्रदेश प्रभारी और सह-प्रभारी करेंगे चर्चा

गदरपुर (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी की ओर से आगामी 18 जनवरी को गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रदेश कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उधम सिंह नगर जिले के दिनेशपुर स्थित दुर्गापुर नंबर-2 में होने वाला यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। पार्टी इस आयोजन के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और संगठन को धार देने की तैयारी में है।कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड प्रभारी महेन्द्र यादव और सह-प्रभारी डॉ. युवराज भारद्वाज शिरकत करेंगे। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेता कार्यकर्ताओं से सीधे रूबरू होकर जमीनी स्तर की समस्याओं पर चर्चा करेंगे और भविष्य की राजनीतिक रणनीतियों को लेकर सुझाव साझा करेंगे। आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेताओं का कहना है कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।कार्यक्रम का आयोजन आम आदमी पार्टी रुद्रपुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संवाद प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

# कलश यात्रा के साथ गदरपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

## 48वें वार्षिकोत्सव और बसंत पंचमी पर पुरातन सनातन धर्म मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर के 48वें वार्षिकोत्सव और बसंत पंचमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। 16 जनवरी से 23 जनवरी तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन शुक्रवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।मंदिर के अध्यक्ष राजू सिंधी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10 बजे शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह यात्रा श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर पहुंची, जहाँ विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किए गए। कथा के कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण का वाचन किया जाएगा। कथा व्यास आचार्य कन्हैयालाल अपने मुखारविंद से भक्तों को भागवत महिमा का रसपान कराएंगे।आयोजन के अंतिम दिन 23 जनवरी को विशेष धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे, जिसमें प्रात: 10 बजे से सत्संग व कीर्तन के बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री पुरातन सनातन धर्म सभा के निर्देशकों और पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। आयोजन को लेकर नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया है।



